# नव वर्षस्नेह मिलन में माताजी का 86वां जन्मदिन मनाया

**ब्यावर,** (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर का नव वर्ष स्नेह मिलन समारोहएवं माताजी श्रीमती निर्मला देवी का 86 वा जन्मदिन पेंशनर समाज अध्यक्ष नारायण सिंह पवार की अध्यक्षता में मनाया गया ।राधेश्याम रांकावत, कन्हैयालाल बागड़ी, शांतिलाल लावासिया एवं राजेंद्र बाड़मेरा द्वारा गणेश वंदना एवं भजन प्रस्तुत किया गया ।

जिला मंत्री हेमंत दीक्षित द्वारा समारोह का संचालन करते हुए सभी से अपनी समस्याओं को सदन में प्रस्तुत करने के लिए आवाहन किया गया । उनकी समस्याओं पर मंथन करके हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। अध्यक्ष नारायण सिंह पवार द्वारा सदन में विभिन्न जानकारियां दी गई जिसमें 15 जनवरी को जयपुर में प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की मीटिंग के क्रम में पेंशनरों की बहुप्रतीक्षित मांग जिसमें पेंशनरों को (1) 65/70 एवं 75 वर्ष पर क्रमशः 5 10 एवं 150 की वेतन में बढ़ोतरी की मांग रखी जाएगी। इसी प्रकार कॉम्यूटेशन राशि की कटौती के समय को कम करने की भी मांग रखी जाएगी । पेंशनरों को दी जा रही निशुल्क दवाओं में कैल्शियम विटामिन एवं प्रोटीन हेतु 3000 की राशि की प्रतिबंधीता को भी हटाने के लिए मांग रखी जाएगी ।

मार्च माह के पहले सप्ताह में वार्षिक सम्मेलन आयोजन के क्रम में स्वागत समिति , अर्थ संग्रहण समिति , एवं 75 की उम्र पार कर चुके पेंशनरों की सम्मानित करने हेतु सूची बनाई जाएगी। राजस्थान पेंशनर समाज ब्यावर की उप शाखा जवाजा के चुनाव की प्रक्रिया में मतदाताओं की सूची बना दी गई है ।बहुत शीघ्र उनके चुनाव की तिथि तय की जाएगी तथा चुनाव अधिकारियों की भी नियुक्ति की जाएगी । पेंशनर समाज उप शाखा बड़ा खेड़ा का प्रथम वार्षिकी 14 जनवरी को मनाई जाएगी तथा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी उसी दिन आयोजित किया जा रहा है । पेंशनर समाज ब्यावर की उप शाखा जैतारण का वार्षिक सम्मेलन भी 13 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। पेंशनर समाज ब्यावर का एक तीन दिवसीय जैसलमेर भ्रमण हेतु एक दल 26 जनवरी से 29 जनवरी तक के लिए जा रहा है ।

पेंशनर समाज के संगठन मंत्री राधेश्याम शर्मा के पुत्र द्वारा एमबीबीएस की डिग्री पूर्ण किए जाने पर उनका स्वागत किया गया । इसी प्रकार कूंप सिंह रावत की पौत्री द्वारा भी डेंटल चिकित्सक की डिग्री पूर्ण कर लिए जाने पर उनका भी स्वागत किया गया । नव आगंतुक सदस्यों में तारा सिंह चौहान सेवानिवृत प्रधानाचार्य का एवं लूंब सिंह चांग सेवानिवृत अध्यापक का सम्मान किया गया । पेंशनर समाज के वयोवृद्ध सदस्य राम सहाय जी शर्मा 94 वर्ष का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । पेंशनर समाज के मुख्य सलाहकार गणपत सिंह मुग्धेश द्वारा आज विश्व हिंदी दिवस होने पर अपनी तरफ से कविताएं एवं हास्य चुटकुले प्रस्तुत किए गए ।इस अवसर पर अल्पाहार भी रखा गया। इस अवसर पर मीटिंग में सत्यनारायण सांखला, गुलाम सरवर, राधेश्याम शर्मा, भंवरलाल भट्ट, ओमप्रकाश अग्रवाल, मदनलाल अग्रवाल, ओम प्रकाश स्वर्णकार, बसंत सिंह चौहान, हरि सिंह काबरा, महेंद्र कुमार चौहान, चंद्रभान सिंह कंपाउंडर, भैरू सिंह कोटडा, भेरूलाल, बिशन लाल बाघमार, भंवरलाल पलासिया, देवेंद्र यादव, कुंपा राम जोधावत, बालू सिंह गहलोत, उम सिंह रावत के साथ 80 से भी ज्यादा पेंशनर उपस्थित थे ।

## संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित श्रीनगर ब्लॉक के समस्त राजकीय तथा निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक में मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी श्रीनगर डॉ. राकेश कटारा के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों की कड़ी में लगभग 80 संस्था प्रधानों को शपथ दिलवाई गई और सभी को सड़क सुरक्षा के संदर्भ में अपनाई जाने वाली सावधानियां के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से निजी विद्यालयों के द्वारा विद्यार्थियों के लिए जो बाल वाहिनी की सेवा संचालित की जाती है उसके समुचित रख रखाव एवं सरकारी नियमों की पालना करके विद्यार्थियों के जीवन को सुरक्षित रखने के संदर्भ में दिशा निर्देश दिए गए। किसी भी सड़क दुर्घटना में कोई भी व्यक्ति यदि हमें कही ज़ख्मी मिलता है तो उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाने के संदर्भ में भी जानकारी प्रदान की गई। राज्य सरकार द्वारा संचालित शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत देतवाल एवं नरेश जारवाल द्वारा जानकारी प्रदान की गई। ब्लॉक कार्यालय के रिसोर्स पर्सन राकेश शर्मा एवं नईम मंसूरी द्वारा विद्यालयों की ऑनलाइन तकनीकी क्षेत्र में आ रही समस्याओं का समाधान किया गया ।

# कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच पाक जयरीन दल रवाना

- उर्स में शिरकत करने आए थे अजमेर
- भावुक होते हुए कहा दोनों देशों में बना रहे भाईचारा

**अजमेर,**(कासं)। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें सालाना उर्स में हर साल की तरह इस साल भी अजमेर आए पाक जायरीन दल कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शुक्रवार को अजमेर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ।

ट्रेन के रवाना होने से पूर्व पाक जायरीन भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि दोनों देशों में आपसी भाईचारा बने। खुफिया विभाग, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के जवानों ने कोच में जायरीनों को बैठाने से पहले उसकी संघन जांच की गई। सभी जायरीनों को पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से रेलवे स्टेशन तक बसों से लाया गया, जिससे इनके साथ इनका लगेज भी सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से ट्रेन तक पहुंचे इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए।

**सुरक्षा घेरे में रहा स्टेशन:-** पाकिस्तानी जायरीन स्पेशल ट्रेन के जरिए पाकिस्तान के लिए रवाना हुए। इस दौरान अजमेर रेलवे स्टेशन पर जिला पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ सहित सुरक्षा एजेंसी अलर्ट रही। जायरीनों की चेकिंग के बाद ही स्टेशन पर प्रवेश दिया गया। चेकिंग के बाद उन्हें ट्रेन में बैठाया गया। पाक जायरीनों के द्वारा 6 जनवरी को ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें उर्स में पाकिस्तान सरकार व खुद की तरफ से दरगाह में चादर चढ़ाई थी। नया बाजार स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस के रूप में दरगाह पहुंचे थे। दरगाह कमेटी की ओर से चादर चढ़ाने के बाद सभी की दस्तारबंदी कर तबरुक भेंट किया गया था। पाक कोऑर्डिनेटर सुरेश सिंधी ने बताया कि 89 जायरीन और 2 पाक एंबेसी के अधिकारी सहित कुल 91 लोग रवाना हुए, चार दिन तक उर्स का सभी ने आनंद लिया है। सभी जायरीन काफी खुश थे।

**परिवार के लिए की गई खरीदारी:-**पाकिस्तान लौटे जायरीनों ने अपने परिवार और जरूरत के सामान की खरीदारी की है। जायरीनों ने हेलमेटए ज्वेलरीए कपड़ेए आयोडेक्सए साडियांए बिस्किटए सोन पापड़ी और सोन हलवाए बीकाजी नमकीन सहित कई सामान खरीदा है। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार की जरूरतों और पसन्द के अनुसार यहां से कुछ तोहफा लेजाना चाहते थे, इसीलिए उन्होंने यहां से जितनी उन्हें इजाजत दी गई उन्हें बाजारों में घूम अपने परिवार के लिए अलग अलग चीजें खरीदी है।

**भारत-पाकिस्तान के लिए मांगी दुआ:-**उर्स में हम खाली झोली लेकर आए थे, लेकिन यहां से भरी हुई झोली लेकर जा रहे हैं। यहां से काफी कुछ खरीदा है। अजमेर का मशहूर सोन हलवा सहित अन्य मिठाइयां और कई सामान खरीदा है। जायरीन कहा कि भारत-पाकिस्तान दोनों मुल्कों के बीच आपसी भाईचारा बना रहे और दोनों देश इसी तरह धार्मिक यात्रा निभाते रहे इसे लेकर दरगाह में दुआ की है।





